::कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर महानगर, जोधपुर::

ईमेल–dc jod rj@nic.in वेबसाईट–https://jodhpurmetro.dcourts.gov.in/

क्रमांकः–स्था./2024/629 दिनांकः– 03/12/2024

::कार्यालय–आदेश::

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश क्रमांक–07/विविध/2024 दिनांक–30.11.2024 के अनुसार शीतकालीन अवकाश दिनांक–25.12.2024 से 31.12.2024 तक की अवधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 धारा 8 की उपधारा (5) के अन्तर्गत **जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों की अनुपस्थिति में** पूरे सेशन खण्ड में ऐसे आवश्यक आवेदन पत्र, जो जिला एवं सेशन न्यायालय के समक्ष पेश किये जायेंगे या लम्बित है, उन्हें सुनने, निपटाने तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों की अनुपस्थिति में उनके न्यायालय का आवश्यक सिविल एवं फौजदारी कार्य निपटाने हेतु निम्नलिखित न्यायालयों को अधिकृत किया जाता है :–

क्र. स.	नाम अधिकारी मय पद	अवधि
1.	श्री प्रताप सिंह राठौड़, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या–04, जोधपुर महानगर।	26.12.2024 व 27.12.2024
2.	श्री राजीव जांगिड़, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या–08, जोधपुर महानगर।	30.12.2024 व 31.12.2024

उक्त दोनों न्यायिक अधिकारीगण शीतकालीन अवकाश अवधि में उक्त दिवसों को ड्यूटी के दौरान प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे तक अपने–अपने न्यायालय भवन में प्रस्तुत होने वाले आवश्यक प्रकरणों की सुनवाई करेंगे एवं क्रम संख्या–01 पर अंकित न्यायिक अधिकारी को यह निर्देश दिया जाता है कि वे उक्त ड्यूटी के पश्चात् शीतकालीन अवकाश पर प्रस्थान करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि आगे की अवधि में नियुक्त पीठासीन अधिकारी उनके नाम के सामने अंकित अवधि में कर्तव्य पर उपस्थित हो जायेंगे, यदि वे किसी कारणवश कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हो सकते हो, तो उनके द्वारा ही आगे की अवधि में अन्य व्यवस्था होने तक कार्य किया जायेगा। उक्त न्यायालयों में कार्यरत कर्मचारीगण भी पीठासीन अधिकारी के साथ कर्तव्य पर उपस्थित रहेंगे।

sd/-
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
जोधपुर महानगर, जोधपुर।

क्रमांकः– 7719 दिनांक–03/12/2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रभारी अधिकारी (लेखानुभाग/नजारत/प्रतिलिपिनुभाग/अभिलेखागार/परिविवरण), जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर, जोधपुर।
2. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या–1/2/3/4/5/6/7, जोधपुर महानगर।
3. विशिष्ट न्यायाधीश, अ.जा./ज.जा. (अ.नि.) प्रकरण, जोधपुर।
4. न्यायाधीश, अपील किराया अधिकरण, जोधपुर महानगर, जोधपुर।
5. अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, म.उ.प्र., जोधपुर महानगर, जोधपुर।
6. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर, जोधपुर।
7. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जोधपुर महानगर, जोधपुर।
8. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सं 1/2/3/4/5/6/7/8/9/सीबीआई/आर्थिक अपराध/रेल्वे/पीसीपीएनडीटी/किराया अधिकरण/किशोर न्याय बोर्ड, जोधपुर महानगर।
9. अध्यक्ष, राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स/लॉयर्स एसोसियेशन, जोधपुर।
10. अधीक्षक, केन्द्रीय कारागृह, जोधपुर।
11. पुलिस कमिश्नर, जोधपुर।
12. जिला अभियोजन अधिकारी/लोक अभियोजक, जिला न्यायालय, जोधपुर महानगर।
13. निजी सहायक कम कार्यकारी सहायक/रीडर, जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर, जोधपुर।
14. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर, जोधपुर को अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
15. नोटिस बोर्ड, जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर, जोधपुर।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
जोधपुर महानगर, जोधपुर।